

### रोजाना कई जगहों पर घंटों जाम की स्थिति निर्मित होती है

# तिराहे पर क्रासिंग बनी राहगीरों के गले की फांस



**नवभारत, जबलपुर।** चुंगी नाका तिराहे पर रोजाना ही ट्रैफिक जाम की समस्या अब आम बात हो गई है। यहां पर वाहनों की क्रॉसिंग होना राहगीरों के लिए एक गले की खास बनकर रह गया है। जिसके कारण रोजाना कई जगहों पर घंटों जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिसमें खास तौर पर दिन के समय बड़े-बड़े ट्रकों के प्रवेश से यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। जिससे लोग जाम में फंसे रहते हैं और वाहनों की लंबी कतारें भी लग जाती हैं।

## दिन दहाड़े शहर में घूमते ट्रक

दीनदयाल से लेकर चुंगी नाका तक सबसे ज्यादा बड़े वाहन जैसे- ट्रकों की लाइन देखने को मिल जाती है। जिसमें यह देखा जा रहा है कि नो एंट्री के समय भी शहर के अंदर बड़े-बड़े ट्रकों का प्रवेश हो रहा है। जिसके कारण यातायात तो प्रभावित होता ही है,वहीं दूसरी ओर इससे किसी बड़ी दुर्घटना होने की भी संभावना बढ़ जाती है।

### पुलिसकर्मी नहीं रहते मौजूद

चुंगी नाका में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस कर्मी नजर नहीं आते हैं। पहले यहां माढ़ोताल थाना हुआ करता था, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी ट्रैफिक जाम की समस्या समझाने के लिए कभी-कभी खड़े हो जाते थे। यहां रोजाना लग रहे ट्रैफिक जाम के समय कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहता है और सड़क पर लोग जाम से जूझते रहते हैं।

# बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

**24 घंटे तक कई गांवों के लोग हुए परेशान**

**नवभारत, जबलपुर।** छपरा तहसील के अंतर्गत सहजपुर में आने वाले कई गांव में शनिवार से बिजली ने आंख में चोली चलती रही जिसके कारण 24 घंटे तक ग्रामीण बिजली न होने से परेशान रहे।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मजीठा पावर हाउस जिसका सब स्टेशन शिल्पी नगर भेड़ाघाट में बना हुआ है। जहां 6 सितंबर शनिवार को 11 बजे से बिजली बंद दी, जो रविवार दोपहर 12 बजे आई है। इस 24 घंटे में 2 से 3 बार ही बिजली थोड़ी देर के लिए आई थी। जिसके कारण यहां से लगे लगभग 6 गांव जिसमें गडर पिपरिया,कटंगी, कैथरा, परछिया,लामी और मजीठा गांव के लोग घंटों तक बिजली को तरसते रहे। गौरतलब है कि शनिवार को पूरे दिन मौसम साफ था और ना ही कोई आंधी तूफान चली थी, उसके बावजूद भी सहजपुर क्षेत्र के गांव की लाइट लगभग 24 घंटे तक बंद रही।



### लाइनमैन ने कहा सुबह सुधरेगी लाइट

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बंद होने की शिकायत जब अधिकारियों को की जाती है तो पावर हाउस में फोन ही रिसीव नहीं होता है। शनिवार से बंद हुई बिजली देर रात तक नहीं आने पर ग्रामीणों ने लाइनमैन को इसकी शिकायत की थी तो लाइनमैन का कहना था कि सुबह बनेगी। जिससे रात तक बंद रही बिजली से ग्रामवासी काफी परेशान थे।

# कमरे में पहुंची बेटी तो पिता फांसी पर झूलते मिले



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बजरंग नगर में रविवार सुबह बेटी जब कमरे में पहुंची तो पिता फांसी के फंदे पर झूलते मिले। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक वर्षा लोधी 28 वर्ष निवासी बजरंग नगर पानी की टंकी के पास रांझी ने सूचना दी कि रविवार सुबह जब वह अपने घर के ऊपर पहली मंजिल गयी देखा उसके पिता रविशंकर लोधी 46 वर्ष घर में छत के ऊपर लगे लोहे के पाईप में साड़ी के टुकड़े से फांसी लगाकर लटके हुये थे उसने एवं मां ने साड़ी के टुकड़े को काटकर पिता को नीचे उतारे एवं परिवार के लोगों की मद्द से शासकीय अस्पताल रांझी लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसके पिता रविशंकर लोधी को मृत घोषित कर दिया।

### ननदोई ने किया महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ उसके ननदोई ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति गुजरात में काम करता है वह घर में सास के साथ रहती है। सास गमी में हनुमानताल गई थी तभी ननद का पति अजय किशोर कोरी पिता प्रेमनारयण कोरी का आया अैर उसे अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा उसने शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। सास के आने पर आपबीती सुनाई। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# मई में चोरी, सितम्बर में दर्ज हुई एफआईआर

**महाराष्ट्र इलाज कराने गई थी महिला, अपनों पर ही जताया शक**



**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत तिलहरी में एक घर में मई माह में हुई चोरी की रिपोर्ट 7 सितम्बर को दर्ज कराई गई। पीड़िता ने परिजनों पर ही चोरी का शक जाहिर किया है। चोरी की वारदात उस वक्त हुई जब पीड़िता अपने परिवार के साथ इलाज कराने के महाराष्ट्र गई हुई थी। जब वह वापस लौटी तो जेवरात गायब मिले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति नेहा मलिक 35 वर्ष निवासी संस्कार नगर स्पोर्ट क्लब के पास तिलहरी ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट नौकरी करती है। 19 मई को सुबह लगभग 6 बजे वह अपने पति भारत बाल्मीक एवं बच्ची रेवांशी के साथ इलाज कराने के लिये नागपुर महाराष्ट्र गयी थी उसने अपने हिस्से वाले कमरे की चाबी अपनी सास श्रीमति मीरा बाई बाल्मीक का दे दी थी वह इलाज कराकर वापस 20 मई की रात लगभग 11 बजे अपने घर आ गयी थी। 5 जुलाई को उसने अपनी आलमारी खोलकर देखी आलमारी में रखे पुराने जेवर सोने का 1 हार, 2 कनछड़ी, चांदी की एक जोड़ी पायल, 3 कड़े, उसके परिवार के लोगों ने चुरा लिये उसकी आलमारी का ताला नही टूटा था उसे उसके परिवार के लोगों पर शक संदेह है उसने अभी तक बातचीत की परिवार के किसी सदस्य ने उसके जेवर वापस नहीं किये। जिसके चलते अब रिपोर्ट दर्ज कराई।

# कांग्रेस पार्षद दल 16 संभागों में फूकेगा महापौर का पुतला

**जबलपुर।** नगर भाजपा सत्ता का झूठा बजट एवं रुके हुए विकास कार्यो के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल आज सभी 16 संभागों में महापौर का पुतला फूकेगा। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष श्रीमती शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी, एवं सचेतक अयोध्या तिवारी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन क्षेत्रों में ठेकेदार को टर्मिनेट किया गया उन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। अनेक वार्डो में पेयजल की समस्या गंभीर हो चुकी है। शहर के अधिकांश सडकों की हालत ख़स्ताहाल हो चुकी है। टैक्स की विसंगतियो से आम जनता परेशान है एवं अन्य जनहित की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा सोमवार शहर के सभी 16 संभागों मे क्रमबद्ध तरीके से संभाग अंतर्गत वार्डो के कांग्रेस पार्षद एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा महापौर का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन गढ़ा, कछपुरा, रामपुर, गोरखपुर, बलदेवबाग, दमोहनाका, अधारताल, भानतलैया, कांचघर, रांझी, इंदिरा मार्केट संभाग समेत नगर निगम मुख्यालय में होना है।

# पानी की टंकी में घुसे बंदर को बचाया

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने बजरंग नगर में एक घर की छत पर बनी पानी की टंकी में ललमुंहा बंदर घुस गया जो निकल नहीं पा रहा था। सूचना पर पहुंचे वन्य प्राणी विशेषज्ञ ने बंदर को सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने बजरंग नगर निवासी ओमप्रकाश मेहरा ने सूचना दी कि उनके घर की छत पर रखी पानी की टंकी में एक ललमुंहा बंदर का बच्चा गिर गया है और निकल नहीं पा रहा है। सूचना पर पहुंचे सर्प एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने बंदरों के झुंड को बमुश्किल अलग कर के बच्चे को टंकी से निकाल दिया और उसकी मां बच्चे को झपट कर ले गई।

### रसोई कक्ष में निकला कोबरा

इसी तरह रतन नगर निवासी शीला बाई उइके के घर में बने रसोई कक्ष में चार फीट लंबा कोबरा सांप बैठा देखकर वहां अफरातफरी मच गई सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

# कटंगी-बरेला में एक्सीडेंट, पांच घायल

**जबलपुर।** बरेला व कटंगी थाना अंतर्गत क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। बरेलापुलिस ने बताया कि आशु दुबे 21 वर्ष निवासी भीटा भोंगाद्वार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भंडारी तिराहा में पीछे से आ रही बुलेट क्रमांक एमपी 20 एन क्यू के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये ओवरटेक करते हुये उसके पिताधन प्रसाद दुबे की स्कूटी में टक्कर मार दिया जिससे उसके पिता एवं मिंटू सिंह दोनों स्कूटी सहित गिर गये बुलेट मोटर सायकल चालक अपनी बुलेट से भाग गया। एक्सीडेंट से उसके पिता एवं मिंटू सिंह को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आई। कटंगी पुलिस ने बताया कि दशरथ यादव 42 वर्ष निवासी चुंगीनाका माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उडकी तिराहे पर पाटन की ओर से आ रही कार एमपी 34 सीए 0250 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसके आगे पैदल चल रहे देवेन्द्र, केशव एवं प्रदीप कुमार को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तीनों को हाथ पैर व शरीर मे चोटे आ गयी।

# बरेला जलप्रदाय परियोजना का लिया जायजा



जबलपुर। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत, जबलपुर जिले के बरेला नगर में जलप्रदाय परियोजना पर तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.) के सहयोग से संचालित की जा रही है। कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने परियोजना स्थल का दौरा किया और निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर परियोजना क्रियान्वयन इकाई जबलपुर के अधिकारी व संविदाकार और परियोजना प्रबंधन सलाहकार फॉर्म के विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।

# हत्या करने के इरादे से युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में दो भाईयों ने मिलकर हत्या करने के इरादे से युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि राजू अंसारी 20 वर्ष निवासी उमर फारूख मस्जिद के पास गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9 बजे अपने घर से मुन्ना होटल खाना खाने जा रहा था कि कपड़ा मार्केट की दुकान के पीछे मैदान में नौशाद उसे पुरानी रंजिश को लेकर उसकी कॉलर पकड़ लिया नौशाद का बड़ा भाई इरशाद उसकी हत्या करने की नियत से चाकू से सीना में मारा वह झुक गया तभी नौशाद बोला इसे जान से खत्म कर दो तो इरशाद ने दुबारा हत्या करने की नियत से चाकू से हमलाकर पसली में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पल्लेदार को बदमाशों ने चाकू से गोदा

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत काली मंदिर के पास बीती रात बदमाशों ने पल्लेदार को धमकाते हुए चाकू से गोद दिया। हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक हैदर खान 30 वर्ष निवासी बस्ती न. 1 गाजी नगर ने बताया कि वह कृषि उपज मण्डी विजय नगर में पल्लेदारी का काम करता है। बीती रात 2 बजे वह एवं मुईन अंसारी कृषि उपज मण्डी से दमोहनाका होते हुये पैदल घर जा रहे थे काली मंदिर के पास मोटर सायकिल से गुलशेर, नैाशाद अपने एक साथी के साथ पहुंचा तीनों आकर उससे शराब पीने के लिये 600 रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर गुलशेर ने चाकू से हमला कर चोटें पहुंचा दी और तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

### रेल ने 4 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान में वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के अगस्त माह में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष के अगस्त माह 2025 में 4.33 मिलियन टन माल लदान किया, जो गत वित्तीय वर्ष अगस्त 2024 में 3.49 मिलियन टन से 24 प्रतिशत अधिक रहा। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष 2025 के अप्रैल से अगस्त तक कुल 23.06 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 21.06 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 9 प्रतिशत अधिक है।

# बदमाशों ने मचाया उपद्रव, पथराव, तोड़फोड़, मारपीट

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत धनगंवा में बदमाशों ने उपद्रव मचाया। घर पर पथराव कर तोड़फोड़ कर मां बेटे के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शनि कुमार कुचबंधिया 28 वर्ष निवासी ग्राम धनगंवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात्रि लगभग 10-30 बजे अपने घर के सामने खड़ा था तभी गांव के अंकित पटैल, दीपक पटैल, अनुज पटेल एवं आयुष चौबे जातिगत शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित करने लगे, उसकी मां चंदा बाई बीच बचाव करने आईं तो दीपक पटैल ने धक्का देकर मां को गिरा दिया जिससे पैर में चोट आयी, चारो उसके घर मे पत्थर फैंकने लगे जिससे उसकी बाईक क्रमांक एमपी 20 एमवाय 3195 की हेड लाइट, घर की खिड़की का कांच टूट गया।

**शराब पीने रूपए नहीं दिए तो दो भाईयों पर किया हमला**

कोतवाली थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रूपए नहीं देने पर बदमाशों ने पत्थर व डंडे से हमला कर दो भाईयों को घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक सुमित सोनी 16 वर्ष निवासी साउथ मिलौनीगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह अपने साथी नितिन मौर्य, छोटे भाई शिवा के साथ मिलौनीगंज से होते हुये मालपानी स्कूल तरफआ रहे थे रात लगभग 1-40 बजे मालपानी स्कूल के सामने चंडालभाटा निवासी सूर्या मलिक और रचित सतनामी उर्फ काला मिले जो रास्ता रोककर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे उसने पैसे देने से मना किया इसी बात पर दोनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे सूर्या मलिक ने चीप पत्थर से उसके सिर में मारकर चोट पहुँचा दी रचित सतनामी उर्फ काला ने डंडा से पैर एवं पीठ में चोट पहुँचा दी बीच बचाव करते समय उसके भाई शिवा को पैर में चोट आयी है।

# अधिवक्ता पंकज से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाए

**जबलपुर मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन की मांग**

**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन की एक आकस्मिक बैठक शतक्रतु आश्रम में संपन्न हुई जहां पर सागर जिले की देवरी तहसील के अधिवक्ता पंकज सेन जो की एक आपराधिक प्रकरण में अपने पक्षकार आरोपी के ऊपर लगाई गई धाराओं की जानकारी तथा आरोपी के क्रिमिनल रिकॉर्ड के बारे में जानकारी प्राप्त करने गए जहां पर मौजूद थाना प्रभारी बुंदेला एवं पुलिस कर्मियों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार कर गाली बलोच की गई एवं मारपीट की। मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन के संरक्षक आशीष त्रिवेदी एड ने तत्काल इस मुद्दे में डीजीपी को पत्र लिखकर यह मांग की है कि वे तत्काल दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करें और उन्हें बर्खास्त करें । इसके साथ ही थाने के सीसी टीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए ताकि इस प्रकरण में साक्ष्य को नष्ट या छुपाया ना जा सके। बैठक में मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन के वैभव सिंह अपूर्व त्रिवेदी शुभम अग्रवाल आनंद शुक्ला अभय उपाध्याय ऋषभ दुबे शुभम पाटकर देवयानी सोनी अरविंद सिंह अभिजीत सिंह मरावी आयुष नेमा धीरज सिंह ऋषि चौकसे दीपक साहू अंकित बागड़ी आदि उपस्थित थे

**शराबखोरी** अवकाश के दिन खाली बीयर, शराब की बोतलें परिसर में पड़ी मिलीं

# रात में अहाता बन रहा नगर निगम मुख्यालय

**हाल ही में देश में स्वच्छता में 5वीं रैक की है हासिल**

**नवभारत,जबलपुर।** देश में स्वच्छता में जबलपुर नगर निगम को मिली पांचवीं रैंकिंग की बड़ी उपलब्धि पर इन दिनों निगम के ही जिम्मेदार पलीदा लगाने में तुले हुए हैं। रविवार अवकाश के दिन सुबह निगम परिसर की जो कैमरे में तस्वीर कैद हुई वो बेहद चौंकाने वाली रही। तस्वीरों में स्पष्ट देखा गया कि टैक्स विभाग व निगम के अन्य विभागों के सामने शराब व बीयर की खाली बोतलें, डिस्पोजल, चिप्स-नमकीन के खाली पैकेट पड़े हुए थे। जो कि साफ दर्शा रहा कि रात में नगर निगम परिसर में जमकर शराबखोरी हुई है। जानकारी के अनुसार ये कचरा जब ड्यूटी में निगम कर्मचारी व चपरासी अपने-अपने विभाग आते हैं तो उन्हें ही मजबूरन अपने विभाग के सामने पड़ी गंदगी को हटाना पड़ जाता है। जिसके बाद वे शराबखोरों को जमकर कोसते भी देखे गए हैं।



### कुछ सालों पहले निगम कर्मचारियों पर गिरी थी गाज

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम मुख्यालय के कई विभागों के कार्यायलन रात में गुलजार होते हैं और वहां बेधड़क शराबखोरी की जाती है। बताया जा रहा है कि जिन कार्यालयों में ऐसी हरकतें की जा रही है, वहां बैठने वालों को कुछ रसूखदारों का संरक्षण का प्राप्त हैं, इसलिए मुख्यालय में शराबखोरी करने वालों के हौंसले भी बुलंद हैं। गौरतलब है कि कुछ सालों पहले जब कमिश्नर वेदप्रकाश थे तो जल विभाग व एक अन्य विभाग में रात के वक्त रेड मारकर उन्होनें निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को शराब पीते रंगेहाथों पकड़ा था जिसके बाद उन्हें सस्पेंड भी किया गया था। जानकारों का मानना है कि कुछ इस तरह की कार्यवाही निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा भी किसी दिन होनी चाहिए जिससे निगम परिसर में शराबखोरी करने वालों को किसी कार्यवाही का भय हो।